









# मैहर आईटीआई के छात्रों का फूटा गुस्सा

## कलेक्टर से लगाई गुहार, स्टेनो ट्रेड में प्रशिक्षक न होने से संकट में छात्रों का भविष्य

- 2-3 कंप्यूटरों के सहारे चल रहा प्रशिक्षण
- परीक्षा सिर पर फिर भी व्यवस्था बेपटरी




नवभारत न्यूज

**मैहर 19 जून, हनुमानपुर स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में है। स्टेनो ट्रेड के छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर मैहर को शिकायत सौंपकर प्रशिक्षण कार्य तत्काल सुचारू कराने की मांग की है।**

छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 5 जून 2026 को संस्था में हुई कथित अभद्रता की घटना की शिकायत के बाद स्टेनो ट्रेड के प्रशिक्षक को सेवा से हटा दिया गया। इसके बाद से विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं बंद हो गई हैं। छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षक को वापस बुलाने से इनकार कर दिया गया और विद्यार्थियों को कंप्यूटर देकर स्वयं अध्ययन करने के लिए छोड़ दिया गया। सबसे चिंताजनक बात यह है कि वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन प्रशिक्षणार्थियों को न तो नियमित मार्गदर्शन मिल रहा है और न ही पर्याप्त संसाधन। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या के मुकाबले कंप्यूटरों की भारी कमी है। अधिकांश कंप्यूटर खराब पड़े हैं और केवल 2 से 3 कंप्यूटर ही संचालित अवस्था में हैं, जिससे प्रायोगिक प्रशिक्षण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। छात्रों का आरोप है कि बिना पर्याप्त शिक्षकों और संसाधनों के कक्षाएं संचालित करने तथा परीक्षाएं लेने की तैयारी की जा रही है, जो सीधे तौर पर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सूत्रों के अनुसार मामले की शिकायत कलेक्टर मैहर तक पहुंचने के बाद कॉलेज प्रबंधन को आवश्यक निर्देश भी दिए गए थे। यदि इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं, तो यह प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी और शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

अब छात्रों ने मांग की है कि स्टेनो ट्रेड सहित अन्य प्रभावित ट्रेडों में तत्काल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए, पर्याप्त कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएं तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सके।जब सरकारी आईटीआई में प्रशिक्षक नहीं होंगे, प्रयोगशालाएं अधूरी होंगी और छात्र स्वयं पढ़ने को मजबूर होंगे, तो कौशल विकास के बड़े-बड़े दावों का क्या अर्थ रह जाता है? छात्रों का भविष्य किसी प्रशासनिक लापरवाही की भेंट न चढ़े, इसके लिए समय रहते ठोस कदम उठाना जरूरी है।

## ग्रामोदय में कल होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**चित्रकूट, 19 जून ,** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकूट के पूज्य संत-महात्माओं, समस्त सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाये, निकायों, प्रशासन,शैक्षिक एवं चित्रकूट नगरवासियों का सामूहिक योग कार्यक्रम 21 जून 2026 को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में चित्रकूट क्षेत्र के विभिन्न योग केंद्रों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों की व्यापक सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रातः 5 .45 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होने का आह्वान किया है, ताकि निर्धारित समयानुसार सामूहिक योगाभ्यास का संचालन किया जा सके।

# आधार केंद्रों में मची लूट, 150 से 200 रुपए की मांग

- जान बूझकर कर करते हैं गल्ती और सुधार के नाम वसूल करते हैं निर्धारित शुल्क से दोगुनी राशि ,सांसद प्रतिनिधि का आरोप




नवभारत न्यूज

**नागौद 19 जून, नगर में संचालित आधार केंद्रों में मनमानी शुल्क वसूल कर खुली लूट मचाई जा रही है। उदाहरणार्थ नागौद के अस्पताल चौराहे में स्कूल बिल्डिंग में संचालित एक आधार केंद्र में एक हितग्राही अपने नाम के सुधार के लिए तथा दूसरा हितग्राही मोबाइल नंबर ऐड करने के लिए गए हुए थे, केंद्र संचालक दोनों आधारों में अलग-अलग सुधार के लिए दो-दो सौ रुपये की मांग की गई।**

अंतत: 150-150 रुपए सुधार करने के बदले वसूल किए गए। उपभोक्ताओं के मोबाइल में मात्र 75 रुपए शुल्क का मैसेज आया तो उन्होंने केंद्र संचालक से अधिक राशि का कारण पूछा तो उसने कहा की इतना ही लगेगा कम नहीं लूंगा, जाओ जहां शिकायत करना हो कर देना। स्मरणीय है कि आधार केंद्र शासन द्वारा निर्धारित कमीशन पर संचालित होते है शासन से प्रत्येक सुधार के रेट भी निर्धारित किए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी अधिक राशि वसूलना नियम के विपरीत है। सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि यह शिकायत भी प्राप्त होती है कि कई आधार कार्ड केंद्र संचालक जानबूझकर आधार कार्ड बनाते समय ही गल्तियां कर देते हैं तथा जब इसके सुधार के लिए हितग्राही आता है तो उससे अपने द्वारा की गई गल्ती का सुधार के नाम पर शुल्क वसूल करते हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कलेक्टर से मांग की है कि आधार कार्ड वनबाते समय जो कागजात दिए जाते हैं उनसे अतिरिक्त अगर केंद्र संचालक गलत फीडिंग करता है तो इस सुधार के लिए कोई शुल्क न लिया जावे यदि लिया जाता है तो इसकी वसूली केंद्र संचालक से की जावे, ऐसा न होने पर केन्द्र निरस्तगी की कार्यवाही की जावे।

### आधार केंद्रों मे नहीं मिलती है किसी प्रकार की सुविधा

नगर में कई आधार केंद्र इतनी छोटी जगह में संचालित है जहां हितग्राहियों को खड़े होने, पानी तथा छाया तक की व्यवस्था नहीं मिलती है,साथ ही एक बार में उनका काम नहीं होता कई भटकते हैं, केन्द्र मे फोटो कॉपी के नाम पर भी उनसे राशि वसूल की जाती है।

# श्रीराम जी की भव्य बारात में उमड़े श्रद्धालु





नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 19 जून, श्री राम कथा के पंचम दिवस के सोपान में अयोध्या नरेश राजाराम के माता जानकी के साथ विवाह राम विवाह का भव्य आयोजन रहा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु घड़ी घंटा घड़ियाल गाजे बाजे के साथ बारात में निकले।**

इस दौरान पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ दिव्य स्वरुप में माता जानकी और प्रभु श्री राम की बारात निकली जिसमें पानी ग्रहण कार्यक्रम में राजा जनक की भूमिका में राधे श्याम द्विवेदी सपरिवार रहे और बारात में आतिशबाजी घोड़ा गाड़ी सारी व्यवस्थाओं के साथ राजाराम का भव्य बारात और विविध वर्ण रंग बिरंगे वेशभूषा के साथ बारातियों ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया । इस दौरान सिद्ध हनुमान मंदिर सिलपरी के विभिन्न कार्यक्रमों की धूरी रहे। हनुमान सेवक स्वर्गीय श्री राम लखन पाण्डेय के जीवन वृत पर भी प्रकाश डाला गया और इस बीच प्रबुद्ध नागरिकों का जिन्होंने समाज क्षेत्र के जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर विशिष्ट छाप छोड़ी है ऐसे बलेश त्रिपाठी , सतना सूर्य प्रकाश द्विवेदी, अनंत गुप्ता गोबिंदगढ़ सहित दामोदर प्रसाद त्रिपाठी लामी करही, हरिशंकर पांडे मैहर सहित विभिन्न विभूतियो का सम्मान किया गया।

# सुधार के बाद भी बदहाल सतना-चित्रकूट हाईवे

- बारिश से पहले हादसों का खतरा



नवभारत न्यूज

**मझगवां 19 जून, सतना-चित्रकूट राजमार्ग की हालत सुधार कार्य के बाद भी जस की तस बनी हुई है। लाखों रुपये खर्च कर सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है।**

डामर की ऊपरी परत निकल जाने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और दरारें बन गई हैं। तस्वीर एवं वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पूरी सड़क पर जालीनुमा दरारें पड़ चुकी हैं और बीच-बीच में डामर उखड़कर ऊबड़-खाबड़ हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। गुणवत्ता विहीन सामग्री के उपयोग के कारण पहली बारिश भी यह सड़क झेल नहीं पाएगी। सतना से चित्रकूट जाने वाला यह प्रमुख मार्ग है जिस पर रोजाना हजारों श्रद्धालु और यात्री आवागमन करते हैं। सड़क की मौजूदा स्थिति के चलते दोपहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने और बड़े वाहनों के पलटने का खतरा लगातार बना हुआ है। यहां पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बारिश का मौसम नजदीक है। ऐसे में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाएगी। फिलहाल इस बदहाल सड़क पर सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा है। प्रशासन की अनदेखी के कारण आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है।



# सांसद और विधायक ने रामवन में किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 19 जून,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सज्जनपुर मंडल के रामवन में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह और रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और अधिकारी उपस्थित रहे.




# जनकल्याण शिविर में हुआ जनता की समस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 19 जून, मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित जनकल्याण शिविर का तीसरे दिन समापन जनपद कार्यालय रामपुर बाघेलान में मुख्य आतिथ्य विधायक विक्रम सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि पांडेय, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ,मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी ,अनंत सिंह गंगा, शिवमोहन सिंह लाला ,पंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा ,रामानंद द्विवेदी एनआरएलएम के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विधायक श्री सिंह ने इस अवसर पर शिविर के उद्देश्य के विषय में कहा कि भाजपा सरकार जन-जन को लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालिका अधिकारी सुश्री रश्मि पांडेय ने बताया कि 1196 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी विभागों को मिलाकर 700 आवेदनों पर निराकरण किया जा चुका है शेष आवेदनों का निराकरण जल्द ही हो जाएगा आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी श्वेता जुनेजा द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्यवेक्षक प्रियंका शुक्ला मृदुता चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन और प्रोटीन से भरपूर पकवानों से दूर-दूर से आई हुई मात्र शक्तियों को अवगत करणी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं विजेता को 5000 की राशि से पुरस्कार किया गया। कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह एवं जनपद अध्यक्ष रावेद्र सिंह द्वारा लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र आय जाति निवास प्रमाण पत्र का वितरण भी कार्यक्रम स्थाल से किया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी परांजपे का भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**मैहर 19 जून, मां शारदा की पावन नगरी मैहर में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी परांजपे के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।**



मैहर जिले के प्रवेश द्वार जीतनगर में भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया तथा मैहर की धरती पर आगमन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार साझा किए ।स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की गतिविधियों, संगठन विस्तार तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। पूरे आयोजन में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मैहर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आईं सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने महिला मोर्चा की संगठनात्मक ताकत का परिचय दिया ।प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और पूरे कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के प्रति समर्पण एवं संगठन के प्रति विश्वास का संदेश दिया गया।

# कमलेह धाम अमझर में वृक्षारोपण व महाप्रसाद का आयोजन




नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 19 जून, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र के परम पवित्र और सिद्ध स्थल कालिका माता जी कमलेह धाम अमझर ( अमरपाटन ) की पावन धरा पर प्रकृति और अध्यात्म के मिलन का एक ऐतिहासिक उत्सव होने जा रहा है।**

विंध्य क्षेत्र के पर्यावरण को समृद्ध करने और जागृत तपोभूमि की महिमा को बढ़ाने के लिए धाम में 51 दिव्य कल्प वृक्ष के पौधों का रोपण सुनिश्चित हुआ है। मां कालिका की असीम कृपा से इस पावन अनुष्ठान में पौधा रोपित करने वाले 51 परम सौभाग्यशाली भक्तों में आपका भी चयन किया गया है। आपके कर कमलों द्वारा लगाए जाने वाला यह कल्प वृक्ष आने वाली सदियों तक इस धरा को शीतलता और दिव्यता प्रदान करेगा। इस पावन अवसर पर पूज्य साध्वी माता जी का दिव्य आशिर्वाद वन विभाग के टीम का तकनीकी मार्गदर्शन और स्वादिष्ट महाप्रसाद (विशेष खिचड़ा एवं छौका हुआ मठ्ठा) का आयोजन रहेगा।

# रासायनिक खाद जहर, जैविक खेती आज की आवश्यकता

- जैविक खेती पर कार्यशाला संपन्न



नवभारत न्यूज

**मैहर 19 जून, बढ़ते रासायनिक प्रदूषण, मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य और स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए 'जैविक खेती' आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।**

उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी में कृषि विभाग द्वारा ग्राम बराखुर्द में शुक्रवार को आयोजित कृषि संगोष्ठी ''प्राकृतिक खेती के लाभ'' पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार यह वर्ष किसान कल्याण के रूप में मना रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी। मप्र की पहचान कठिन परिस्थितियों में कृषि और पशुपालन को जीवित रखने वाले मेहनतकश किसानों से है। यहां जल संकट, कम वर्षा, बढ़ती गर्मी और भूमि की क्षारीयता जैसी चुनौतियां हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसान की आत्मा गांव में और गांव की आत्मा किसान में बसती है। पिछले कुछ दशकों में उत्पादन ब?ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का व्यापक उपयोग किया गया ।इससे उत्पादन यदि यहां अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों तो ब?ा, लेकिन मिट्टी की उर्वरता, जल का उपयोग जारी रहा तो आने वाले वर्षों में खाद्यान्न फसलों की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव दिखाई देंगे। कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल एवं जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विक्रम सिह ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रीराम गोपाल शर्मा ,श्रीरामफल गौतम मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ,श्रीमति बुटिया साकेत सहित बढ़ी संख्या में किसान एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा गुणवत्ता युक्त बीजों के मिनी किट कृषकों को वितरित किए। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नवीनतम कृषि उपकरण की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसमें मिनी ट्रैक्टर, स्मार्ट सीडर सहित अन्य उपकरणों को प्रदर्शित किया गया, जिसका सभी ने अवलोकन किया।

# ग्राम पंचायत पालदेव में गंदगी का आलम

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 19 जून, नगर पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पालदेव इन दिनों नर्क की मार झेल रहा है यह गांव की मेन रोड है जहां भीषण गंदगी फैली हुई है.**



सफाई व्यवस्था भी यहां की नही है इस गंदगी से आवागमन करने आम नागरिकों को मजबूर होकर निकालना पड़ता हैग्राम वासी इस गांव को आदर्श ग्राम पंचायत का दर्जा भी दिया गया है लेकिन आदर्श तो दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहा गंदगी के अलावा पूरे ग्राम में नजरआत है वहीगदगी से अनेकों बीमारियां को का अवसर मिल रहा है अगर ऐसे में यहां के निवासियों को किसी भी प्रकार की बीमारी हो जाए तो उसका जम्मेदार कौन होगा ग्रामीणों ने बताया कि इस बजबजाती हुई गंदगी से आवागमन करने को मजबूर है यहां की सफाई व्यवस्था की की और किसी का ध्यान नहीं है

# महाराजा खेर सिंह खंगार जूदेव की प्रतिमा पुनर्स्थापना के लिए अनसन का 7वां दिन

## आज़ाद क्रांति पार्टी व विभिन्न दलों सहित सामाजिक संगठनों का मिल रहा व्यापक समर्थन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 19 जून, बांद्रा संभाग मे महाराजा खेर सिंह खंगार जूदेव की खंडित प्रतिमा को पुन: स्थापित कराने की मांग को लेकर आज़ाद क्रांति पार्टी द्वारा संचालित अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन सातवें दिन भी पूरे जोश और संकल्प के साथ जारी रहा।**




भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद आंदोलनकारी अपने ऐतिहासिक स्वाभिमान और सम्मान की लड़ाई में डटे हुए हैं।आज धरना स्थल पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आदरणीय श्री ददद्प्रसाद जी तथा पीपल मैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात समाजसेवी श्री रघुराज प्रताप सिंह जी ने पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने धरना स्थल पर उपस्थित आंदोलनकारियों का उत्साहवर्धन किया तथा महाराजा खेर सिंह खंगार जूदेव की प्रतिमा पुनर्स्थापना की मांग को न्यायोचित बताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की ।धरना स्थल पर आज़ाद क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सूरज सिंह खंगार से उनकी विस्तृत चर्चा हुईए जिसमें समाज के सम्मान ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण तथा जनभावनाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार.विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलोंए सामाजिक संगठनों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने भी आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान किया। राष्ट्रीय महासचिव श्री सूरज सिंह खंगार ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक प्रतिमा की पुनर्स्थापना का नहींबल्कि समाज के गौरवइतिहास और स्वाभिमान की रक्षा का संघर्ष है। जब तक महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पुन: स्थापित नहीं किया जाताए तब तक यह जनआंदोलन निरंतर जारी रहेगा ।आज़ाद क्रांति पार्टी प्रशासन से मांग करती है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र प्रतिमा पुनर्स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण की जाएअन्यथा आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी.

## विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी करेंगे आज दो उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का लोकार्पण



**मैहर 19 जून,** मैहर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी शनिवार 20 जून 2026 को दो नव निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का लोकार्पण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी शाम 4 .30 बजे ग्राम पंचायत चोपड़ा अंतर्गत सगमानिया में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात शाम 6 .00 बजे ग्राम पंचायत ककरा में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया जाएगा।

# किंडरगार्टन प्ले स्कूल में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**नागौद 19 जून, किंडरगार्टन प्ले स्कूल, नागौद में आयोजित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।**



समापन सत्र में शिक्षाविद एवं साहित्यकार श्रीमती सरोज सिंह परिहार (सूरज) ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए बच्चों के समग्र विकास, संस्कारयुक्त शिक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने मुख्य विषय बाल मनोविज्ञान पर के सन्दर्भ में विशेष जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का सकारात्मक दृष्टिकोण ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। कार्यक्रम के अंत में आज के इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम को और भी यादगार बनाने के लिए श्रीमती सरोज सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक खूबसूरत गजल से सभी के मन को आनंद एवं उत्साह से भर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और नई ऊर्जा के साथ हुआ तथा सभी शिक्षकों ने विद्यालय में प्राप्त प्रशिक्षण को अपने शिक्षण कार्य में प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। अंत में स्कूल संचालक राकेश कुमार सोनी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने श्रीमती सरोज सिंह का आभार व्यक्त किया।